हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 26 अक्टूबर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 शतरंज प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित





आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग

जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.

मों. 9826156669, 7000288169

B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)

G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)

स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार

पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## खबर संक्षेप

### धान उपार्जन कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण 29 से

**बलरामपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए 29 से 31 अक्टूबर तक प्रातः 11.30 बजे से विभिन्न स्तर का प्रशिक्षण संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। 29 अक्टूबर को सर्व समिति प्रबंधक, उपार्जन केन्द्र प्रभारी एवं डाटा एन्ट्री आपरेटर को धान उपार्जन के दायित्वों के संबंध में प्रशिक्षण, 30 अक्टूबर को धान उपार्जन केन्द्रवार सर्व नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्र में उचित व्यवस्था हेतु प्रशिक्षण, 31 अक्टूबर को सर्व एसडीएम, तहसीलदार-नायब तहसीलदार, सहायक खाद्य अधिकारी-खाद्य निरीक्षक, उप संचालक कृषि एवं सर्व कृषि विकास अधिकारियों, सचिव कृषि उपज मंडी समिति सहाकारिता विभाग से सहायक आयुक्त, सह.वि.अधि. सहकारी बैंक के नोडल एवं पर्यवेक्षको को धान एवं चावल उपार्जन की निगरानी हेतु व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम-कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर तथा उड़नदस्ता टीम की कार्यवाही हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### जिले में अधिकारी कर्मचारी लेंगे सर्तकता जागरूकता प्रतिज्ञा

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी की थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। साथ ही जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 28 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के प्रांगण में अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा सतर्कता जागरूकता प्रतिज्ञा ली जाएगी।

### पीएम के खिलाफ टिप्पणी करने पर शिक्षक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** प्रधान मंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि शासकीय प्राथमिक शाला मक्याठी के सहायक शिक्षक ईश्वरी प्रसाद टंडन प्रधानमंत्री के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी के कार्रवाई करते हुए शिक्षक को निलंबित कर दिया था जबकि भाजपा कार्यकर्ता बकड़ीमहरी निवसी विजय प्रताप सिंह द्वारा इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने शिक्षक जांजगीर चांपा निवासी 47 वर्षीय ईश्वरी प्रसाद टंडन आ. स्व. राजकुमार टंडन के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 352, 353(1), 363(1), (353) के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## 5 सालों से है मकान का इंतजार

# 461 लोगों को किया गया आवास का आबंटन लेकिन सिर्फ 65 ने ही जमा किए दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मोर मकान मोर चिन्हारी योजना के तहत आबंटित किए गए पीएम आवासों का मामला एक बार फिर से खटाई में पड़ता नजर आ रहा है। जिन 461 हितग्राहियों को पात्र मानकर मकान का आबंटन पहले चरण में किया गया उनमें से 396 अब अपात्र हो गए है। ऐसा इसलिए क्योंकि मकान आबंटन के लिए नियम व शर्तों के तहत वे दस्तावेज जमा नहीं कर पाए और ना ही कब्जा खाली कर पाए। अब ननि फिर से पात्र हितग्राहियों के लिए सर्वे करा रहा है।

**खास बात**

- फिर से अटका आबंटन का मामला, मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत कराया गया है 493 आवासों का निर्माण

बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत एएचपी मकानों का निर्माण शहर के सुभाष नगर में किया गया है। पीएम आवास के एएचपी मकानो की स्वीकृति शासन से वर्ष 2020 में दी गई थी जिसके बाद 493 आवासों के निर्माण कार्य 6 एकड़ भूमि पर शुरू किया गया था। 5 वर्षों के बाद अब जाकर मकान के न्रिमान कार्य पूर्ण हुआ है और मकान निर्माण पूर्ण होने के बाद नगर निगम द्वारा पीएम आवासों के आबंटन हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। इस हेतु ननि सरकार की ओर से पात्र हितग्राहियों की सूची में से पहले चरण में उन हितग्राहियों को मौका दिया गया जो शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर हाईटेंशन विद्युत तार के नीचे बसे हुए है, तालाब पीढ पर बसे हुए है। नगर निगम द्वारा ऐसे 466 हितग्राहियों का चयन पूर्व में जमा की गई सूची में से किया गया था और 1 जुलाई को ननि द्वारा लॉटरी पद्धति से आबंटन किया गया। ननि द्वारा कुल 461 हितग्राहियों को आवास का आबंटन गया था और उन्हें नियम के अनुसार सभी दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए थे।



नवनिर्मित आवास।

### अब किराए में रहने वालों को मिल सकता है मौका

योजना के तहत महज 15 प्रतिशत ही हितग्राही दस्तावेज जमा कर पाए ऐसे में अब नगर निगम द्वारा उक्त मकानों के आबंटन हेतु दूसरे चरण में किराए में रहने वाले लोगों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है। बताया जा रहा है कि ननि द्वारा पूर्व में जमा किए गए आवेदनों में से ही ऐसे हितग्राहियों का चयन किया जाएगा जो किराए के मकान में रहते है हालांकि किराए के मकान में रहने वाले हितग्राहियों को मोर मकान मोर चिन्हारी योजना के तहत आवास पाने के लिए 3.50 लाख रुपए देने होंगे। बहरहाल नियमों और बार बार पात्र हितग्राहियों के चयन के कारण आवास के आबंटन का मामला एक बार फिर से लटकता हुआ नजर आ रहा है।

### 101 ने दिया था आवेदन

बताया जा रहा है कि नगर निगम द्वारा आवास के आबंटन उपरांत सभी हितग्राहियों से दस्तावेज मांगे थे जिसके तहत वे जिस जमीन पर अवैध रूप से काबिज है उसके संपत्ति कर, समेकित कर, कब्जे से संबंधित दस्तावेज के साथ ही अन्य दस्तावेज जमा करने को कहा गया था। दस्तावेज जमा करने के लिए ननि द्वारा कई बार आदेश जारी किया गया और उनसे संपर्क भी किया गया। इस दौरान 101 हितग्राहियों ने दस्तावेज जमा करने का आवेदन देकर समय मांगा लेकिन उनमें से सिर्फ 65 ने ही दस्तावेज जमा करने के साथ ही अतिक्रमण वाली जमीन को खाली करने पर सहमति दी है जबकि शेष ना ही दस्तावेज जमा कर पाए और ना ही वे अतिक्रमण वाली भूमि खाली करना चाहते है।

### प्राथमिकता के आधार पर होगा आबंटन



पीएम आवास के लिए हितग्राही दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। अपात्र होने वाले लोगों के आबंटन को नियमानुसार निरस्त किया जाएगा और फिर से प्राथमिकता के आधार पर मकानों का आबंटन किया जाएगा।

-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर ननि

# चरित्र शंका पर पत्नी की डंडे व ईंट से वार कर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। मृतिका को अंधेरे में किसी से बात करते सुनने के बाद युवक ने आक्रोशित होकर डंडे व ईंट से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता हासिल की।

- फरार आरोपी को किया गया गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम घटगांव डकईव्यौरा निवासी 28 वर्षीय शिव कुमार आ. रतिराम पहाड़ी कोरवा अपनी पत्नी हिरामनी व तीन छोटे बच्चों के साथ रहता था जबकि उसकी मां सुमित्री पहाड़ी कोरवा अलग घर में रहती थी। 23 अक्टूबर की रात 10 बजे शिव कुमार और हीरामनी के बीच किसी बात को लेकर विवाद और शोरगुल हो रहा था। विवाद बढने पर युवक ने पत्नी की पिटाई शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर जब युवक की मां बीच बचाव करने गई तो युवक ने अपनी मां को भी ईंट से मारने के लिए दौडाया जिसपर महिला युवक के तीन बच्चों को लेकर भाग गई और जाकर गांव के रतिराम के घर में सो गई। सुबह उठकर जब महिला ने अपने नए घर का दरवाजा खोला तो देखा अंदर हीरामनी की लाश खून से लथपथ पड़ी हुई थी जबकि आरोपी



शिवकुमार घर में नहीं था। महिला ने घटना की जानकारी गांव के सरपंच व अन्य ग्रामीणों को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही थी। मुखबिर से मिली सूचना के बाद 25 अक्टूबर को ग्राम घटगांव से पुलिस ने घेराबंदी पर आरोपी शिवकुमार पहाड़ी कोरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका थी। पूर्व में भी मृतिका किसी के साथ भाग गई थी और घटना दिवस की रात भी अंधेरे में किसी से बात करते सुनने पर जब पूछताछ की तो विवाद शुरू हो गया। विवाद बढने पर आरोपी ने ईंट व डंडे से वार कर पत्नी की हत्या कर दी और भाग निकला। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा, ईंट व खून लगा कपडा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी शिव कुमार आ. रतिराम पहाड़ी कोरवा को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी बरियों रविन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक प्रदीप यादव, भदेश्वर पैकरा, विजय गुप्ता, आरक्षक जगनाथ केराम, सुरेन्द्र रवि, ईश्वर मराबी, रंजित गुप्ता, महिला आरक्षक चमेली सिंह सक्रिय रहे।

# सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी, परिवार गया था छठ मनाने



घर में बिखरा सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

क्षेत्र में चोरी की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे है जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। एक बार फिर चोरों ने सूने मकान में लगे आठ तालों को तोड़कर वारदात को अंजाम दिया है। चोर नगदी जेवर समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। फिलहाल पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि ग्राम केवरा निवासी रामाश्रय सिंह आ. भागीराथी सिंह अपने पूरे परिवार के साथ छठ पर्व मनाने के लिए तीन दिन पूर्व अम्बिकापुर गए हुए थे। इस दौरान 25 अक्टूबर की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली सीमा सिंह पति स्व. मदन सिंह ने मकान का ताला टूटा देखा तो इसकी जानकारी मकान मालिक को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद परिवार अपने घर पहुंचा। घर के अंदर मुख्य गेट समेत कमरों में लगा ताला टूटा हुआ था और आलमारी व अन्य स्थानों पर रखा सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी के लॉकर में रखा 10 हजार रुपए नगद ,सोने का टप्स, चांदी का कड़ा समेत आनी सामान गायब था। ऐसे में उन्होंने घटना की शिकात पुलिस से की है। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 331 (4), 305 (ए) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। बड़ी बात यह है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढती जा रही है। इसके पूर्व क्षेत्र के झीनपुरी पारा के दो सूने मकान में नगदी व सामनों की चोरी, ग्राम कोशगा के पीडीएस भवन का ताला तोड़ राशन की चोरी, एनएच 130 सिंगीटाना नागेंद्र ढाबा के पास ट्रकों से डीजल की चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी है।

क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से लोगों में भय का माहौल है। चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने पुलिस नाकाम नजर आ रही है।

### एनएच किनारे तीन ट्रकों से 680 लीटर डीजल चोरी

थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित ढाबे पास खड़े तीन ट्रकों से 680 लीटर डीजल चोरी का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक झारखंड के गढ़वा निवासी 24 वर्षीय सोनू प्रसाद यादव आ. शंभू यादव ने 24 अक्टूबर को शिकायत दर्ज कराई है कि वह ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यूएल 3477 से रायपुर से क्लिंकर लोड कर दो अन्य ट्रकों के साथ औरंगाबाद जाने निकला था। इस दौरान नेशनल हाईवे 130 स्थित सिंगीटाना नरेंद्र ढाबा के पास ट्रकों को खड़ा करके रात में खाना पीना खाकर खाकर ट्रक के अंदर सो रहे थे। 23 व 24 अक्टूबर की दरमियानी रात लगभग 3 बजे अज्ञात चोरों ने ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यूएल 2477 से 300 लीटर कीमत 28500 रुपए, सीजी 15 ईए 8003 से 180 लीटर कीमत 17100, सीजी 15 ईए 7004 200 लीटर कीमत 19000 रुपए कुल 3 ट्रकों से 680 लीटर डीजल कीमत 64600 अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। ट्रक चालक की रिपोर्ट पर लखनपुर पुलिस ने 305 (सी) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# पानी से भरे गड्ढों में बैठकर किया गया प्रदर्शन

**अंबिकापुर।** शहर से लगे एनएच की जर्जर सड़कों को लेकर शनिवार को आम आदमी पार्टी के लोगों ने अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों सड़क के गड्ढों में भरे कीचड़ पानी में बैठकर अपना विरोध जताया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार व अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आक्रोश जताया। प्रदर्शनकारियों ने छठ पर्व से पहले एनएच 343 के मरम्मत की मांग की। बता दें कि शहर से निकलने वाले एनएच के सड़कों की हालत खराब है। इनमें सबसे बुरी स्थिति अंबिकापुर-रामानुजगंज रोड स्थित एनएच 343 की है। इस मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे है। बारिश में लोग गड्ढों में भरे पानी और कीचड़ के कारण परेशान रहे। बारिश रुकने के बाद उम्मीद थी कि सड़क के मरम्मत का कार्य शुरू होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब सोमवार से लोक आस्था का पर्व छठ मनाया जाएगा। इस दौरान एनएच 343 किनारे शंकरघाट स्थित बांक नदी में भी हजारों की संख्या में व्रती छठ पर्व करने के लिए आते है। व्रती और श्रद्धालु पैदल ही छठ घाट तक जाते है जबकि इनमें से कई व्रती ऐसे होते है जो लेटकर छठ घाट जाते है। ऐसे में इस जर्जर सडक और गड्ढों के कारण व्रतियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। एनएच 343 पर बड़े बड़े गड्ढे है और धूल का गुबार उड़ रहा है। धूल से बचने के लिए अधिकारियों ने सड़क पर पानी डलवा दिया जिससे कीचड़ हो गया जबकि गड्ढों में भी पानी भर गया। इस परिस्थिति को लेकर लोगों में रोष का माहौल है। इस बीच शनिवार को आम आदमी पार्टी के सरगुजा जोन प्रभारी राजेन्द्र बहादुर सिंह, सुजान बिंद के नेतृत्व में लोगों ने शंकरघाट के समीप बने गड्ढों के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी गड्ढों में भरे पानी में बैठ गए और नारेबाजी की। बड़ी बात यह है कि जिस समय यह प्रदर्शन हो रहा था उस समय सांसद चिंतामणि महाराज दिशा समिति की बैठक ले रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने सांसद व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि लोक आस्था के पर्व को लेकर भी किसी ने ध्यान नहीं दिया जबकि छोटे से कार्यक्रम के लिए पूरे शहर को सजा दिया जाता है।

- एनएच 343 में जताया विरोध, इसी मार्ग से होकर छठ घाट जाएंगे व्रती



# अवैध धान परिवहन की रोकथाम हेतु कमांड एंड कंट्रोल सेंटर टीम गठित

**बलरामपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन एवं निराकरण के सुचारू संपादन एवं संभावित अवैध परिवहन रोकथाम एवं निगरानी तथा रिसाईकलिंग को नियंत्रित किए जाने हेतु विपणन संघ मुख्यालय स्तर पर कमांड एण्ड कण्ट्रोल सेन्टर की स्थापना की गई है।

जिला स्तर पर अवैध धान परिवहन एवं धान उपार्जन की निगरानी करने हेतु तथा प्राप्त अलर्ट के समाधान हेतु जिला स्तरीय एकीकृत कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर टीम-उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।

जिसमें अतिरिक्त कलेक्टर चेतन बोरघरिया, खाद्य अधिकारी विनय कुजूर, सहायक पंजीयक सुरेश पैंकरा, सहकारी संस्थायें ,उप संचालक (कृषि) रामचंद्र भगत, जिला विपणन अधिकारी सुश्री प्रीतिका पूजा केरकेट्टा, जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम दिनेश ओझा नोडल अधिकारी, जिला सह. केन्द्रीय बैंक सचिव अरविन्द श्रीवास्तव, कृषि उपज मण्डी रामानुजगंज मालिक राम पोर्ते, ई-जिला प्रबंधक देवा कश्यप टीम में शामिल हैं।

## 34 कार्य दिवस तक दिया गया बुनियादी प्रशिक्षण

# दीक्षांत समारोह में 434 महिला नगर सैनिकों ने ली कर्तव्य निष्ठा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर सेना परिसर शनिवार को संभाग स्तरीय चयनित महिला नगर सैनिकों के बुनियादी प्रशिक्षण समापन एवं दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह की अध्यक्षता नगर सेना के संभागीय सेनानी राजेश पाण्डेय ने की। कार्यक्रम की शुरुआत परेड कमांडर कुमारी रोशनी तिग्गा के नेतृत्व में आकर्षक परेड के साथ हुई जिसमें मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। तत्पश्चात सभी नवप्रशिक्षित महिला नगर सैनिकों को कर्तव्य, अनुशासन और सेवा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कुल 434 महिला नगर सैनिकों को बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इनमें जिला सरगुजा की 110, सूरजपुर की 51, कोरिया की 80, जशपुर की 99 और बलरामपुर की 94 महिला सैनिक शामिल रहीं। प्रशिक्षण 34 कार्यदिवसों तक नगर सेना परिसर, विज्ञान महाविद्यालय केशवपुर एवं सामुदायिक केन्द्र मुक्तिपारा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिला सैनिकों को फुट ड्रिल, आर्म्स ड्रिल, कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, बलवा नियंत्रण, फायरिंग अभ्यास एवं महिला छात्रावास सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। जिला सूरजपुर के पहाड़गांव फायरिंग रेंज में 15 से 20 अक्टूबर तक रेंज अभ्यास कराया गया, जिसमें सभी महिला सैनिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला सैनिकों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कृतों में परेड कमांडर महिला सैनिक रोशनी तिग्गा, परेड टूआईसी महिला सैनिक अल्फा, आल राउंड बेस्ट के रूप में हेमवंती, प्रीति सिंह, अश्वनी पूरी, यशोदा राजवाड़े तथा लक्ष्मी सिंह को सम्मानित किया गया। वहीं बेस्ट मार्क्समैन के रूप में चंद्रकांता देवी, वसुम, रीतु पुरी, शिवानी और अमीषा रानी धनकी को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह, एसडीएम फागेश सिन्हा, रक्षित निरीक्षक श्रीमती तृप्ति सिंह राजपूत, आत्मानंद विद्यालय केशवपुर प्राचार्य संतोष साहू, वरिष्ठ जिला सेनानी व्हीके लकड़ा, जिला सेनानी अम्बिकापुर एसके कठुतिया एवं जिला सेनानी बैकुंठपुर संजय गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।







MARK OF SPECIALIZED EXCELLENCE

किडनी और यूरीन की सभी समस्याओं का इलाज अनुभवी विशेषज्ञों के साथ

यूरोलॉजी सेवाएँ
- लेजर से पथरी का इलाज —बिना चीरे
- बिना दर्द प्रोस्टेट ऑपरेशन
- पेशाब नली की सिकुड़न का इलाज
- किडनी और मूत्राशय के कैंसर का समय पर इलाज
- छोटे चीरे से, पथरी की सुरक्षित ऑपरेशन तकनीक (PCNL)

नेफ्रोलाजी सेवाएँ
- हेमो डायलिसिस
- पर्माकैथ टनल्ड डायलिसिस
- सीएपीडी (पेरिटोनियल डायलिसिस)
- किडनी बायोप्सी

MARK HOSPITAL

SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013

Tertiary Care - Super Speciality Hospital

NABH Accredited Hospital

Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU

FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850

Website: www.markhospital.com

Email: Info@markhospital.com

AdPRAYAS

**खबर संक्षेप**

## विधायक ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**सोनहत।** भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत पुसला, बसेर, कछार और दामूज में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इन कार्यों में सीसी सड़क निर्माण, दुर्गा पूजन पंडाल, शेड निर्माण सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। ग्राम पंचायत पुसला में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं और आसपास के ग्रामों से आए जनप्रतिनिधियों की भारी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रीमती सिंह ने ग्रामीणों से आत्मीय भेंट कर उनका हालचाल जाना और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर जनपद सीईओ, अनुविभागीय अधिकारी, ग्राम पंचायत सरपंच-सचिव, भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, सखी समूह की महिलाएं सहित काफी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## खड़गवां सीएचसी को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र



**बैकुंठपुर।** छग के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई उपलब्धि दर्ज करते हुए सरगुजा संभाग का पहला आईएसओ प्रमाणित कोल्ड चेन प्वाइंट बनने का गौरव मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां ने हासिल किया है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के गृह ग्राम खड़गवां में उनके सतत प्रयासों और दिशा-निर्देशों के परिणाम स्वरूप संभव हुई है। वहीं इस सफलता के पीछे सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे के कुशल मार्गदर्शन और स्वास्थ्य विभाग की समर्पित टीम की निरंतर मेहनत का अहम योगदान रहा। कोल्ड चेन प्वाइंट खड़गवां को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की आवश्यकताओं के पूर्ण अनुपालन में पाया गया है, जिसके चलते इसे आईएसओ सर्टिफिकेशन प्रदान किया गया है।

### हर पल बना है हादसे का खतरा, सुधार की मांग


# आयुर्वेदिक-होमियोपैथिक अस्पताल जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के नगर पालिका शिवपुर चरचा के अंतर्गत संचालित आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथिक अस्पताल इन दिनों बदहाल स्थिति में है। अस्पताल की इमारत इतनी जर्जर हो चुकी है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। अस्पताल की छत जगह-जगह से टूटी हुई है और प्लास्टर झड़ने से आए दिन मलबा गिरता रहता है। जिस कक्ष में आयुर्वेदिक चिकित्सक बैठती हैं, वहां की छत बेहद कमजोर हो चुकी है।

डॉक्टर और मरीज दोनों भय के माहौल में इलाज कराने को विवश हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। जैसे ही बारिश होती है, छत से पानी रिसकर अंदर टपकने लगता है और वार्ड में पानी भर जाता है। मरीजों को इलाज के दौरान भींगने से बचने के लिए इधर-उधर खिसकना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों के अनुसार यह समस्या नई नहीं है। लंबे समय से अस्पताल की मरम्मत की मांग की जा रही है। नगर पालिका प्रशासन को कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। जांच और मरम्मत का वादा तो किया गया, मगर महीनों बीतने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



जर्जर अस्पताल।

### चरचा क्षेत्र में तीन प्रमुख अस्पताल है संचालित

एसईसीएल अस्पताल, शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र और यह आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथिक अस्पताल। इनमें यह अस्पताल गरीब और ग्रामीण तबके के लिए सबसे सुलभ और सस्ता इलाज केन्द्र माना जाता है। यहां प्रतिदिन काफी संख्या में मरीज अपनी छोटी-बड़ी बीमारियों का इलाज कराने आते हैं, परंतु जर्जर छत, दरकी दीवारें और अंदर बनी लगातार नमी से अस्पताल का वातावरण अस्वच्छ और असुरक्षित हो चुका है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि जल्द मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने भी नगर पालिका से इस भवन की शीघ्र मरम्मत की मांग की है। उनका कहना है कि यह मामला सीधे जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ा है, इसलिए प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए। चरचा क्षेत्र की जनता ने शासन-प्रशासन से आग्रह किया है कि शीघ्र ही अस्पताल की मरम्मत या पुर्ननिर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि क्षेत्र के गरीब मरीजों को सुरक्षित और स्वच्छ चिकित्सा सुविधा मिल सके।

# बैकुंठपुर में नए नर्सिंग कॉलेज के लिए बनेगा भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- 8 करोड़ 68 लाख की मिली प्रशासकीय स्वीकृति
- मुख्यमंत्री की एक और घोषणा पर लगी मुहर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की एक और महत्वपूर्ण घोषणा को राज्य सरकार ने मूर्तरूप दे दिया है। राज्य बजट में शामिल 9 नवीन नर्सिंग महाविद्यालयों के भवन निर्माण कार्य के लिए 78 करोड़ 15 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। बैकुंठपुर में भी नया नर्सिंग कॉलेज स्थापित किया जाएगा, जिसके भवन निर्माण के लिए 8 करोड़ 68 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश के हर युवा को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा मिले और हर जिले में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार हो। उन्होंने कहा कि 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदेश के स्वास्थ्य शिक्षा क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य शिक्षा को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक निर्णय लिया है, इससे प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा के साथ रोजगार और आत्मनिर्भरता के बेहतर अवसर मिलेंगे। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों को प्राथमिकता दे रही है। 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए 78 करोड़ 15 लाख रूपए की स्वीकृति इस बात का प्रतीक है कि सरकार प्रदेश के युवाओं के लिए अवसर सृजन और सेवा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। इस निर्णय से कोरिया जिले सहित प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा प्राप्त होगी और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार होंगे।





## छठघाट की सफाई में जुटे ग्रामीण



**बरबसपुर।** एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर के समस्त जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासियों के द्वारा 25 अक्टूबर को भवानी घाट मंदिर स्थित छठघाट पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और घाट परिसर को स्वच्छ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सामूहिक प्रयासों से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

# नहाय-खाय से साथ शुरू हुआ छठ का महापर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- खरना के बाद आज से शुरु होगा निर्जला व्रत



आस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ विधिवत रूप से आरंभ हो गया है। जिलेभर में श्रद्धालु महिलाओं ने पवित्रता और नियमों का पालन करते हुए नहाय-खाय का पर्व मनाया। सुबह से ही बाजारों में पूजन सामग्री, फल, नारियल और लौकी की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। छठ व्रत की शुरूआत के साथ ही शहर के छठ घाटों पर सफाई व सजावट का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। नगर पालिका द्वारा घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। लौकी-चना दाल की सब्जी और अरवा चावल के साथ नहाय-खाय का प्रसाद तैयार किया गया। बाजार में लौकी की जमकर बिक्री हुई। अगले चरण में 26 अक्टूबर को खरना, 27 अक्टूबर को सांझी अर्घ्य और 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर चार दिवसीय यह लोक आस्था का पर्व संपन्न होगा।

# शतरंज प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- विजेताओं को मिला 51 हजार नगद, ट्रॉफी और मेडल

जीएचआर रायसोनी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन एवं कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में छग स्टेट चेस एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त कोरिया जिला शतरंज संघ द्वारा 24 अक्टूबर को बैकुंठपुर के मानस भवन में सरगुजा संभाग स्तरीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े मुख्य अतिथि और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे अध्यक्षता में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर छग स्टेट चेस एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी सरोज वैष्णव, कोरिया जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, आईसेक्ट जिला प्रबंधक नरेश सोनी और शगुफ्ता खानम मंचासीन रहीं। मुख्य अतिथि ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और जिला संघ को हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। अध्यक्ष श्रीमती शिवहरे ने भी फाउंडेशन व संघ की प्रशंसा करते हुए भविष्य में सहयोग का आश्वासन दिया।




सम्मानित करते विधायक भईयालाल राजवाड़े।



विजेता प्रतिभागी।

प्रतियोगिता में सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़, सूरजपुर और जशपुर जिलों से 117 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें 19 अंतरराष्ट्रीय फिडे रेटिंग धारक रहे। अंतरराष्ट्रीय स्विस लीग प्रणाली के तहत प्रतियोगिता 8 राउंड में संपन्न हुई। इसमें 6 वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक के खिलाड़ी शामिल रहे। संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने बताया कि कोरिया जिला शतरंज संघ ने पिछले दो वर्षों में दर्जनभर से अधिक संभागीय प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक आयोजित की हैं। आने वाले फरवरी माह में बैकुंठपुर में अंतरराष्ट्रीय फिडे रेटिंग टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना है। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को 51 हजार रूपए नकद, मेडल, ट्रॉफी और शिल्ड से सम्मानित किया गया।

**ये रहे विजेता परिणाम-**

ओपन वर्ग- सिद्धार्थ अंबष्ट सरगुजा चैंपियन, अजय कुमार गुप्ता कोरिया ,परवेज अंसारी कोरिया, अंडर 17 बालक ईजनांश गुप्ता सरगुजा, अंडर 17 बालिका फरहीन खान कोरिया, अंडर 13 बालक अंशुमन सहाय सरगुजा, अंडर 13 बालिका नव्या सिंह बलरामपुर, अंडर 9 बालक अक्षत राज डांगरे सरगुजा, अंडर 9 बालिका अंशा फातिमा कोरिया, अंडर 7 बालक अहान गुप्ता कोरिया, बेस्ट वेटरन देवेन्द्र कुमार कोरिया, बेस्ट महिला कशिश सिन्हा सरगुजा रही। प्रतियोगिता को सफल बनाने में चीफ आर्बिटर शेष रतन जायसवाल, टूर्नामेंट डायरेक्टर अब्दुल शमीम, शगुफ्ता खानम, आशीष गुप्ता, योगेश गुप्ता सहित कोरिया शतरंज संघ की पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## धरती माता बचाओ निगरानी समिति गठित

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने उर्वरक खपत की चुनौतियों का समाधान करने के लिए जिला, अनुविभाग एवं ग्राम स्तरीय धरती माता बचाओ निगरानी समिति का गठन किया है। जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष कलेक्टर व उपाध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत होंगे। इस समिति में पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त सहकारिता, उर्वरक कंपनी खाद संघ प्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक, उप संचालक पशुपालन विभाग, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक एमपी एग्रो, जिला प्रबंधक नाबार्ड को सदस्य व उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को संयोजक बनाया गया है।

## 33/11 केवी उपकेन्द्र 2 से बढ़कर 10 हुए, सिंचाई पंप 123 से बढ़कर 2634

**बैकुण्ठपुर।** बीते 25 वर्षों की विकास यात्रा में राज्य ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। कोरिया जिला भी इस यात्रा का सक्रिय सहभागी रहा है। वर्ष 2000 में कोरिया जिले में विद्युतीकृत सिंचाई पंपों की संख्या मात्र 123 थी, जो अब बढ़कर 2634 हो गई है। विद्युतीकृत गांवों की संख्या 157 से बढ़कर 217 तक पहुंच गई है। प्रति व्यक्ति वार्षिक बिजली खपत भी वर्ष 2000 में 82 यूनिट से बढ़कर 142 यूनिट हो गई है। ग्रामीण अंचलों में विद्युत आपूर्ति के विस्तार से खेती-किसानी और दैनिक जीवन में बड़ा बदलाव आया है। ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या 2000 में 5 हजार 420 थी, जो अब बढ़कर 42 हजार 465 तक पहुंच गई है। वहीं शहरी उपभोक्ताओं की संख्या 1300 से बढ़कर 6500 हो गई है। वहीं एकल बत्ती कनेक्शन धारकों की संख्या में तो 40 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2000 में जहां केवल 525 उपभोक्ता थे, अब उनकी संख्या 21 हजार 26 हो चुकी है। ट्रांसफॉर्मरों की संख्या भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। वर्ष 2000 में 325 ट्रांसफॉर्मर थे, जो अब 1 हजार 988 हो गए हैं। जिले में 132/33 केव्ही सब स्टेशन वर्ष 2000 में एक भी नहीं था, जबकि अब एक सब स्टेशन स्थापित हो चुका है। इसी प्रकार 33/11 केव्ही उपकेन्द्रों की संख्या 2 से बढ़कर 10 हो गई है। छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बैकुंठपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2000 में जिले के अनेक गांव अंधेरे में थे, परंतु बीते 25 वर्षों की विकास यात्रा में कोरिया जिले के लगभग सभी हिस्सों में बिजली की रौशनी पहुंचने जा रही है।

**//न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) उदयपुर, जिला सरगुजा, छ.ग. //**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दूहनी पुत्री दूसी, जाति मझवार, निवासी ग्राम पहाड़ कोरजा, तहसील उदयपुर जिला सरगुजा के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन में लेख किया गया है कि आवेदिका के स्वामित्व की ग्राम पुटा, तहसील उदयपुर में भूमि खसरा क्रमांक 263/6 रकबा 0.090 हे. भूमि स्थित है। आवेदकगण के द्वारा वादभूमि के विक्रय का सौदा अनावेदक धरम सिंह पिता गोविन्द नारायण, जाति गोंड़, निवासी ग्राम हरिहरपुर, तहसील उदयपुर से 2,20,000.00 (दो लाख बीस हजार) रुपया में किया गया है। भूमि विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा अथवा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जा सकेगा।

आज दिनाक 09.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की पदमुदा से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**उदयपुर, जिला- सरगुजा**

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 9 नवंबर, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से शाम 5 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल शाम 5 बजे से 7 बजे तक

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अक्टूबर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 26 अक्टूबर, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट MD,DM,(Neurology)
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह डी.एन.बी.(मेडिसीन)डी.ए.बी. (गैस्ट्रो) एम.आर.सी.पी. एस.सी.ई (गैस्ट्रो)
श्वास, छाती, एलर्जी एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा MD,(T.B.,& Respiratory Diseaseas)
सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतीक धाबलिया MS Ortho,MRCS Joint Replacement and Trauma Surgeon
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ.नीरज प्रसाद MS,MCH,Neurosurgery
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी M.D.,D.M.,Cardiology
1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल.द्वारा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन, एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन डॉ.महावीर सिंह जौहरी MBBS,MS,DNB (Hyderabad) FEN (Jabalpur),CNETS AIIMS (Delhi)
26 अक्टूबर 2025, माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.प्रज्ञा ओझा MBBS, DGO (OBS & GYN) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ.इति गुप्ता MBBS, DDV, FAD (Mumbai) त्वचा, बाल, नाखून एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ
डॉ.मनीष गुप्ता BDS, DCC, DMT, LAS (Mumbai) दंत चिकित्सक एवं स्किन कॉस्मेटोलॉजिस्ट

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर | मो. 9826461355

## खबर संक्षेप



### तीन साल बाद भी अटल बिहार कॉलोनी में नहीं बनी बाउंड्रीवाल, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** सरगवां स्थित अटल विहार कॉलोनी में बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं होने के कारण कॉलोनी वासियों को विपरित स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। बाउंड्रीवाल के अभाव में आसामाजिक तत्वों का आना-जाना लगा रहता है, जिससे कॉलोनीवासी परेशान है। सुरक्षा के लिहाज से कॉलोनी वासियों ने अपने खर्च पर सुरक्षा गार्ड नियुक्त किया है, आने-जाने वाले लोगों का रजिस्टर में रिकॉर्ड रखते हैं गुरूवार को कॉलोनी में एक मालवाहक वाहन का प्रवेश रोकने पर कुछ लोग गार्ड के साथ गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान कॉलोनी के अध्यक्ष प्रमोद श्रीवास्तव व अन्य लोग पहुंचे तो विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। घटना से नाराज कॉलोनी वासियों ने शुक्रवार को हाउसिंग बोर्ड कार्यालय पहुंचकर अपर आयुक्त एवं एमडी को ज्ञापन सौंप अपनी समस्याएं बताई। ज्ञापन में कॉलोनी वासियों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से इस मुद्दे को लेकर विभाग का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। घरों का अधिकार सौंपने के दौरान अधिकारियों ने बाउंड्रीवाल निर्माण कराने की बात कही थी तथा बाउंड्रीवाल की भी राशि ली थी। इस दौरान अपर आयुक्त ने बताया कि बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। निविदा प्रक्रिया 6 अक्टूबर तक पूरी कर ली जाएगी तथा 10 नवंबर तक निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने विभाग के ईई को भूमि की मार्किंग करने निर्देश दिए है।

### होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज में व्याख्यान



**अम्बिकापुर।** होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज के कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में उपप्राचार्य डॉ.सि.मंजू टोप्पो के निर्देशन में गुरूवार को मानवता द्वारा भ्रम का पतन विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस त्रिपाठी ने विविध उदाहरणों के माध्यम से अपना विचार व्यक्त किया। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासा का भी समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन आलोक चक्रवर्ती तथा धन्यवाद ज्ञापन सुश्री प्रज्ञा सिंह ने किया। इस दौरान कॉलेज के सभी शैक्षिक स्टाफ उपस्थित थे।

### रजत जयंती पर ब्लॉक स्तरीय पशु मेला एवं चिकित्सा शिविर



**वाड्रफनगर।** छत्तीसगढ़ के रजत जयंती के अवसर पर 17 से 24 अक्टूबर तक आयोजित पशु जागृति पशु मेला एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह, नपं अध्यक्ष मान सिंह, कृषि स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती रिंकू दुबे के आतिथ्य में किया गया। शिविर में पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। गौ पूजन उपरांत पशु आहार की जानकारी दी गई तथा औषधियों का वितरण किया गया। विधायक ने प्रगतिशील पशुपालकों को मिल्क कैन, कैल्शियम सिरप एवं मिनरल मिक्सचर प्रदान किया गया।

## निधन

### इंद्र कुमार सारथी



**अम्बिकापुर।** नगर के गांधीनगर हरि देवेंद्रम कॉलोनी निवासी सेवा निवृत्त प्रधान पाठक इंद्र कुमार सारथी का निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वे जीबीएस नामक बीमारी से ग्रसित थे। 25 अक्टूबर को अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे सरगुजा पेंशनधारी कल्याण संघ के संभागीय अध्यक्ष थे। वे अपने पीछे पुत्र अनुराग सारथी, अभिषेक सारथी व पुत्री शिल्पी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार 26 अक्टूबर को शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे किया जाएगा व अंतिम यात्रा उनके निज निवास हरि देवेंद्रम कॉलोनी बी 24 से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### डॉ. सुलेमान आजाद



**अम्बिकापुर।** बलरामपुर के सनावल निवासी सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर डॉ. सुलेमान आजाद का 25 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे और लम्बे समय से बीमारी से जूझ रहे थे। वे छग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन सरगुजा के जिला अध्यक्ष एमएस आजाद के पिता थे। उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक किया गया।

### झारखंड, बिहार व उत्तर प्रदेश के यात्रियों को बसों में नहीं मिल रही सीट

# छठ पर्व पर बसों में बढ़ने लगी यात्रियों की भीड़, कई यात्री करते हैं खड़े- खड़े सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में यात्रियों की भीड़।

जिले के विभिन्न रूट में चलने वाली बसों में जहां यात्रियों के कम होने को लेकर बस संचालक हमेशा चिंतित रहते है वहीं पिछले दो दिनों के भीतर ही सभी रूटो में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। छठ पर्व मनाने बड़ी संख्या में लोग दूसरे गांव जा रहे है तो वहीं दूसरे शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से लोग अपने घरों छठ मनाने आ रहे जिससे बसों में यात्रियों को बैठने तक की सीट नहीं मिल पा रही है। छठ मनाने से वंचित न हो इसके लिए लोग खड़े-खड़े ही सफर करना मुनासिब समझते है। रामानुजगंज, झारखंड ,बिहार व उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाली बसों में यात्रियों की अधिक भीड़ हो रही है। पहले इन रूटों में गिनती के यात्री सफर करते थे वहीं यात्रियों के एकाएक भीड़ उमड़ने से बस संचालक भी खुश है।

**खास बात**

- पिछले दो दिनों से सभी रूट के बस में उमड़ रही भीड़

मूलतः पूर्वी भारत में मनाए जाने वाला महापर्व छठ अब छत्तीसगढ़ सहित सरगुजा जिले में भी व्यापक रूप ले लिया है। यहां हर वर्ष छठ करने वाले भक्तों की संख्या में वृद्धि हो रही है। ऐसे में छठ पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिलता है और दीपावली के बाद से ही छठ पर्व की तैयारियां शुरू कर दी जाती है। शहर सहित जिले में अधिकांश लोग उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व झारखण्ड सीमावर्ती निवासी है। ऐसे में कई श्रद्धालु शहर के विभिन्न छठ घाट में विधि-विधान से पूजा अर्चना करते है जबकि कई परिवार अपने मूल निवास पर छठ पर्व मनाने चले जाते है। समय पर छठ पूजा में शामिल हो इसके लिए साधन अनुरूप ही अपने घरों में जाते है। लोगों के आवागमन करने से पिछले दिनों से इन रूट के बसों में यात्रियों की भीड़ काफी बढ़ गई है। जो लोग पहले से बसों में टिकिट बुकिंग करा लेते है उन्हें परेशानी नहीं होती परंतु जो लोग बुकिंग नहीं कराते उन्हें बस में सीट के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। बैठने के लिए जगह नहीं मिलने पर खड़े-खड़े ही लंबी दूरी तय अपने गंतव्य की ओर जाने को मजबूर है।

#### बिहार के लिए कम है यात्री बस

प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के बस स्टाफ के मुताबिक झारखंड व उत्तरप्रदेश की अपेक्षा बिहार जाने के लिए कम यात्री बसें है। बिहार व झारखंड में छठ महापर्व बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है जिससे इन रूट के बसों में यात्रियों की संख्या अधिक होती है। बिहार जाने के लिए गिनती के 4 से 5 यात्री बसे है जबकि झारखंड व उत्तर प्रदेश जाने के लिए एक दर्जन से अधिक यात्री बसे है जो रायगढ़ व मनेन्द्रगढ़ की ओर से भी इन रूट पर चलती है। हालांकि रायगढ़ व मनेद्रगढ की ओर से चलने वाली यात्री बसों में पहले से ही यात्री लेकर आते है जिससे इन बसों में सीट कम होती है जिससे लोगों को खडे-खड़े ही सफर करना पड़ता है।

#### सीट से अधिक बैठते है यात्री

विभिन्न रूट में चलने वाली यात्रियों बसों में कई टू बाई टू तो को थ्री बाई टू के साथ स्लीपर की व्यवस्था होती है। पिछले दो दिनों से यात्री तीन की जगह चार से पांच जबकि स्लीपर में दो की जगह चार लोग सफर करते है। ऐसे में बस संचालक सीट के बजाय यात्रियों के मुताबिक किराया वसूलते है।



## बनकर तैयार हुआ शिवसागर बांध स्थित छठ घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के हृदय स्थल में मौजूद शिवसागर बांध में करीब 500 फीट लंबे पैलेस छठ घाट के प्रथम चरण का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस वर्ष शिवरात्रि में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने इसकी आधारशिला रखी थी। छठ पर्व के पूर्व उन्होंने यह सौगात शहरवासियों को सौंप दी है।

- पूर्व डिप्टी सीएम ने किया निरीक्षण, राज परिवार की पहल पर कराया गया है निर्माण

गौरतलब हो कि शिवसागर बांध सरगुजा राजपरिवार की संपत्ति है। छठ पर्व में अगाध श्रद्धा के कारण राजपरिवार ने पहल कर इस घाट का निर्माण कराया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने कहा है कि घाट निर्माण का उद्देश्य छठ पूजा के साथ ही साथ शिवसागर बांध का सौंदर्यीकरण भी है। चूंकि यह राजपरिवार की निजी संपत्ति है अतः राजपरिवार अपने प्रयासों से इसका निर्माण कर रहा है। शहरवासियों के धार्मिक आयोजनों के लिए ये घाट और इसकी व्यवस्था के लिए गठित पैलेस घाट सेवा समिति सदैव उपलब्ध रहेगी। पैलेस छठ घाट के प्रथम चरण के बन जाने के बाद इस क्षेत्र में बडी संख्या में निवासरत लोगों को छठ पर्व के लिये पडोस में व्यवस्थित घाट प्राप्त हो जायेगा। अगामी छठ पूजा तक घाट का विस्तार कर इसे करीब 1000 फिट लंबा बनाया जायेगा। इस वर्ष शिवसागर बांध के घाट पर करीब 500 छठ व्रतियों के लिए व्यवस्था बनाई गई है, जिसमें से 400 घाट खण्डों को छठ व्रतियों ने आरक्षित भी करा लिया है। पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी घाट पर व्यवस्था की जवाबदेही पैलेस घाट सेवा समिति की होगी। बता दें कि शिवसागर बांध पर छठ पर्व के आयोजन को व्यवस्थित करने के लिए सरगुजा राजपरिवार द्वारा विगत वर्ष पैलेस घाट सेवा समिति का गठन कर उसे व्यवस्था की जवाबदेही सौंपी गयी थी। इस समिति के मुख्य संरक्षक पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव हैं। इसके साथ ही अरुणेश्वर शरण सिंहदेव, आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, बालकृष्ण पाठक एवं भार्गवेन्द्र सिंह इस समिति के संरक्षक हैं। श्री चंद्रप्रकाश सिंह को पैलेस घाट सेवा समिति का अध्यक्ष नामित किया गया था। 25 सदस्यीय इस समिति में भाजपा के स्थानीय पार्षद दीपक सिंह तोमर एवं सिंधु सोनी भी सदस्य है। समिति के द्वारा घाट पर प्रकाश व्यवस्था, चेंजिंग रुम, पार्किंग व्यवस्था को भी अंतिम रुप दे दिया गया है। समिती अपनी ओर से सभी छठव्रतियों को प्रसाद के रुप में विभिन्न प्रकार के फल के साथ ही अर्ध्य के लिए कच्चा दूध और हवन के लिए आम की लकड़ी के वितरण की व्यवस्था की गई है। इस पूरी व्यवस्था के कार्यान्वयन में शैलेंद्र प्रताप सिंह, आतिश शुक्ला, तृप्तराज धंजल, प्रमोद चौधरी, आलोक सिंह, गुरुप्रीत सिद्धू, अमरजीत अग्रवाल, दिनेश शर्मा, जीवन यादव, देवेश त्रिपाठी, अमित सिंह, शुभेंदु घोष, रोशन कन्नौजिया, नितेश सिंह, मुन्ना पांडेय, तीरथ चौधरी, नीलकंठ सोनवानी सहित समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से दिनरात लगे हुए हैं।

## रेड़ नदी छठ घाट का एसएसपी ने लिया जायजा, घाट पर बनेगा अस्थाई पुलिस कन्ट्रोल रूम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

लोक आस्था का पर्व छठ पूजा को लेकर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने शनिवार को रेड़ नदी छठ घाट का जायजा लिया जहां घाट की साफाई सहित समुचित व्यवस्था को दुरूस्त करने की कवायत तेजी से जारी है जिसे देखकर वे संतुष्ट नजर आए। उन्होंने छठ घाट पर लाइटिंग के साथ गोताखोर और मेडिकल टीम की तैनाती समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसएसपी श्री ठाकुर ने बताया कि जिले में जिन-जिन स्थानों पर छठ पर्व मनाया जाता है वहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए है। छठ पूजा के दौरान पूरे जिले भर में विभिन्न घाटों पर 350 से अधिक संख्या में पुलिस अधिकारी, पुलिस के जवान को तैनात किए जाएगे। छठ घाट के अलावा शहर की भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए पुलिस की कई पेट्रोलिंग टीमें लगातार मुस्तैद रहेगी, घाट पर अस्थाई पुलिस कन्ट्रोल रूम बनाया जाएगा। किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर कन्ट्रोल रूम के नंबर पर सूचना दी जा सकती है। रेड़ नदी मुख्य छठ घाट पर उमड़ने वाली भीड़, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समिति द्वारा व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही तैयारी की भी जानकारी ली और कई जरूरी निर्देश भी दिए। यातायात प्रभारी को वाहनों की पार्किंग के उचित इंतजाम करने के निर्देश दिए। समिति की ओर से यहां व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए की जा रही तैयारी पर संतोष जताया। इस दौरान छठ पूजा समिति गणेश सोनी, सुनील विश्वकर्मा अनिल गुप्ता, गोविन्द साहू, संतोष सोनी, पंकज चौबे, प्रदीप सोनी, सुनील सोनी, संजय सोनी, श्रवण जैन, सूरज अवस्थी, मुदित जैन, विक्की मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

- घाटों पर पुलिस अधिकारी व जवानों की रहेगी कड़ी चौकसी
- छठ पर्व के दौरान चिन्हित मार्ग पर भारी वाहन रहेंगे प्रतिबंधित

#### छठ पर्व पर भारी वाहन प्रतिबंधित

पुलिस ने छठ पर्व को लेकर सोमवार, 27 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे से मंगलवार, 28 अक्टूबर की सुबह 10 बजे तक महगवां चौक से रिंग रोड़ कर्मा चौक तक सभी भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया है। इसी प्रकार उक्त अवधि समय पर विश्रामपुर से भटगांव मार्ग, दतिमा से विश्रामपुर तक सभी भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया है।

### लोक आस्था के महापर्व छट पूजा का शुभारम्भ घाटों के साज सज्जा की चल रही विशेष तैयारी

**बिश्रामपुर।** भगवान सूर्य की आराधना और लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का शुभारंभ शनिवार को नहाय-खाय के साथ श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में आरंभ हो गया, पूरे क्षेत्र में भक्ति, पवित्रता और अनुशासन का अद्भुत संगम दिखाई दे रहा है,रविवार को खरना के साथ छठ व्रत का दूसरा चरण शुरू होगा, जिसके बाद व्रती 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास रखकर सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य और मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का पारण करेंगे। कोयलांचल समेत आसपास के इलाकों में छठ घाटों की साज-सज्जा जोरों पर है। नदी-तालाबों के किनारे बांस और केले के पत्तों से बने खूबसूरत प्राकृतिक घाट सजाए जा रहे हैं। बाजारों में पूजन सामग्री, ठेकुआ, प्रसाद के सामान, फल, बांस की टोकरी और सुपली की खरीदारी से रौनक लौट आई है। महिलाओं द्वारा गली-मोहल्लों की सफाई और चौके-चूल्हे की पवित्र तैयारी से पूरा वातावरण भक्तिभाव में समा गया है। शनिवार को व्रतियों ने शुद्धता के साथ स्नान किया और पृथक चौके में कद्दू-भात का भोजन बनाया, परंपरा अनुसार परिवार के सभी सदस्य इस भोजन को प्रसाद रूप में ग्रहण करते हैं। रविवार को व्रती खरना के दिन गुड़-चावल की खीर और रोटी बनाकर पूजा करेंगे इसके बाद ही निर्जला उपवास शुरू होता है जो अगले दिन सूर्य अर्घ्य तक चलता है। जिला प्रशासन ने छठ पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए सभी घाटों पर सुरक्षा, प्रकाश और सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। तालाबों की सफाई, भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन सहायता दल की तैनाती की जा रही है। नगर पंचायत कर्मी घाटों की सफाई में जुटे हुए हैं। गायत्री मंदिर प्रांगण स्थित छठ घाट पर शनिवार को नगर पंचायत बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, इंजी.विनय सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे। उन्होंने घाट की व्यवस्था का निरीक्षण किया और श्रद्धालुओं से स्वच्छता बनाए रखने आह्वान किया है।





## सांसद एवं महापौर ने किया शंकरघाट छठ घाट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सांसद चिंतामणि महाराज एवं महापौर मंजूषा भगत ने शनिवार को शंकरघाट स्थित छठ घाट का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने पूरे घाट का भ्रमण कर साफ-सफाई, नदी में जल की स्थिति, प्रकाश व्यवस्था आदि का जायजा लिया तथा महामाया छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों से चर्चा कर अन्य जानकारियां ली। महामाया छठ पूजा समिति वर्षों से शंकरघाट छठ घाट की संपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रही है। निरीक्षण के दौरान जन प्रतिनिधियों ने छठ घाट जाने वाले मार्गों का भी जायजा लेने के साथ ही सुरक्षा, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया तथा कहा कि छठ पर्व आस्था अनुशासन एवं पवित्रता का प्रतीक है। हमारा प्रयास है कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

## छठ महापर्व की तैयारियां जोरों पर, गेउर नदी तट पर दिखा आस्था का उत्साह

**राजपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में जोरों पर हैं। नाहन खान से आरंभ होकर चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व को लेकर नगर के उत्तरवाहिनी गेउर नदी तट पर विशेष तैयारी की जा रही है।



छठ पूजा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थायी घाट निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, गंगा आरती, अलाव, चाय वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति के पदाधिकारियों व नगर के समाजसेवियों के संयुक्त प्रयास से घाट पर आकर्षक सजावट की जा रही है। व्रतियों के सुगम स्नान व अर्घ्य के लिए नदी तट पर सुरक्षा और स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस दौरान सोनी समाज राजपुर के सदस्यों सहित अनेक समाजसेवियों एवं नगर के नागरिकों ने श्रमदान करते हुए समिति का मनोबल बढ़ाया। गौरतलब है कि इस वर्ष गेउर नदी छठ घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा, जिसके प्रायोजक समाजसेवी सेठ जोगीराम अग्रवाल हैं। गंगा आरती की तैयारियाँ पूरे उत्साह के साथ की जा रही हैं ताकि श्रद्धालु दिव्य वातावरण में आस्था का अनुभव कर सकें। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में संतोष सिंह, विश्वास गुप्ता, नीरज तिवारी, भानु प्रजापति, नरेश अग्रवाल, विद्यानंद दुबे, विकास बंशल, सतीश सिंह, प्रवीण गुप्ता, आनंद मेहता, सोनू सिंह, दुर्गेश जायसवाल, संजीव गुप्ता, दीपक सोनी, राजीव गोस्वामी, अंकुर गुप्ता, अज्जु सहित अनेक सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। वहीं श्रमदान में शामिल मुन्ना लाल चौधरी, सोनी समाज अध्यक्ष सुरेश सोनी, प्रमोद ठाकुर, ओमप्रकाश सोनी, अशोक सोनी, अंकुर ठाकुर, पंकज जयसवाल, सहित नगर के कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी योगदान दिया।

## धान खरीदी के पूर्व सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने कलेक्टर ने ली बैठक

**सूरजपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन 15 नवम्बर से किया जाना है। जिसके संबंध में धान खरीदी की निगरानी, नियंत्रण, बारदाना व्यवस्था एवं व्यवस्थित खरीदी हेतु जिले के समस्त 54 धान उपार्जन केंद्रों के लिए जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समस्त धान उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारी, खरीदी प्रभारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को धान उपार्जन की आरंभिक तैयारी के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। धान उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारियों को पात्र किसानों से निर्धारित गुणवत्ता का धान उपार्जन करने, बोरे की मानक स्टेकिंग करने, कोचिये एवं बिचौलियों के द्वारा धान खपाने से रोक लगाए जाने तथा नियमित भौतिक सत्यापन एप के माध्यम से धान के स्टॉक का वेरिफिकेशन करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में गिरदावरी हेतु आवंटित खसरे के निरीक्षण भौतिक सत्यापन एप के माध्यम से किए जाने के निर्देश दिए गए। सभी नोडल अधिकारियों को आवंटित उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण 28 अक्टूबर तक कर 33 बिंदुओं के चेक लिस्ट के आधार पर की गई तैयारी की जानकारी चेक लिस्ट तथा भौतिक सत्यापन एप के माध्यम से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उपार्जन केंद्र प्रभारी तथा कंप्यूटर ऑपरेटर को समितिवार एग्रीस्टैक पंजीयन में व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त किसानों तथा कैरी फॉरवर्ड नहीं किए गए किसानों के संबंध में विस्तृत समीक्षा किया गया। साथ ही कलेक्टर द्वारा प्रत्येक उपार्जन केन्द्रों में किसानों के विश्राम हेतु किसान कुटीर में पेय जल, पंखा, फस्ट ऐड बाक्स, टेलिविजन एवं शैचालय की उचित व्यवस्था अनिवार्यतः सुनिष्चित कराने के निर्देश दिए दिए है।

बैठक में अपर कलेक्टर, एसडीएम श्रीमती ललिता भगत, खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी एवं समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



## भाजपा पदाधिकारियों ने किया छठ घाटों का निरीक्षण, लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शनिवार को विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने शंकरघाट छठ घाट, केनाबांध तालाब छठ घाट सहित अन्य घाटों का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया एवं समिति के सदस्यों से भेंट की।

जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि छठ पर्व सूर्य देव और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का सबसे सुंदर माध्यम है। छठ घाटों की स्वच्छता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी का सामूहिक दायित्व है और भाजपा कार्यकर्ता इसके लिए सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

सभी घाटों पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। इस दौरान विनोद हर्ष, अरूणा सिंह, निलेश सिंह, विकास पाण्डेय, मधु चौदाहा, मनोज कंसारी, श्वेता गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### चालक संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल से कई वाहनों के थमे पहिए

**सूरजपुर।** चालक संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से जिले के बड़ी संख्या में यात्री बस सहित अन्य वाहनों के पहिए थम गए। त्यौहार के इस सीजन में यात्री बसों के संचालन ठप हो जाने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इधर पूरे दिन चालक संघ अपनी दस सूत्रीय मांग को लेकर बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश चालक संघ के आह्वान पर आज से जिले में चालक संघ का हड़ताल शुरू हो गया है।चालक संघ अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर न्यू बस स्टैंड में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। चालक संघ की मुख्य मांगों में प्रदेश में शराब बंदी, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड के गठन, ड्राइवर आयोग का गठन सहित दुर्घटना में मुआवजा और ड्राइवर दिवस के अलावा ड्राइवरों के बच्चों को शिक्षा में आरक्षण और हेल्थ कार्ड, पेंशन राशि दिलाए जाने की मांग शामिल है। वहीं माना जा रहा है कि चालक संघ के हड़ताल पर चले जाने से व्यापार पर इसका सीधा असर पड़ेगा। आज दिनभर चालक संघ के हड़ताल होने से अधिकांश यात्री बसे अपनी रूट में नहीं चली जिससे यात्रियों को आवागमन में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### समय पर कार्यमुक्ति नहीं मिलने से राजस्व विभाग के श्रवण का निधन, कर्मचारियों में शोक व आक्रोश

**रामानुजगंज।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में लगभग 25 वर्षों से रीडर के पद पर पदस्थ श्रवण कुमार गोंड का शुक्रवार की शाम



अंबिकापुर मिशन अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले से 6 माह से किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और 4 माह से नियमित रूप से 4 डायलिसिस पर थे। बेहतर इलाज की सुविधा के लिए उन्होंने अपने गृह क्षेत्र लखनपुर के समीप अंबिकापुर में स्थानांतरण की मांग की थी। शासन द्वारा उनका ट्रांसफर 30 जून को अंबिकापुर कर दिया गया था। बावजूद इसके उन्हें रामानुजगंज से कार्यमुक्त नहीं किया गया। श्रवण गोंड लगातार उच्च अधिकारियों से कार्यमुक्ति के लिए गुहार लगाते रहे, किंतु विभागीय उदासीनता के कारण वे बीमारी के बावजूद रामानुजगंज में ही कार्यरत रहे। दीपावली अवकाश से ठीक पहले तक उन्होंने अपनी जिम्मेदारी निभाई और कुछ ही दिनों बाद उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अंबिकापुर लाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। श्रवण गोंड अपने क्षेत्र में मिलनसार, हंसमुख और कर्मठ कर्मचारी के रूप में जाने जाते थे। बीमारी के बावजूद वे अकेले ही बलरामपुर जिला अस्पताल जाकर डायलिसिस करवाते थे। उनके निधन से पूरे राजस्व विभाग सहित कर्मचारी जगत में गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि उन्हें समय पर रामानुजगंज से कार्यमुक्त कर दिया गया होता, तो वे अपने परिवार के बीच रहकर बेहतर इलाज करा पाते और शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी। उनके सहकर्मियों ने बताया कि वह डायलिसिस में हमेशा जाते थे परंतु चेहरे में हमेशा मुस्कान रहती थी एवं कभी इस बात का एहसास नहीं होने दिए कि वह इतनी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं।

### मामूली विवाद पर पिता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**कुसमी।** मामूली विवाद पर युवक ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। आरोपी ने पिता की बेदम पिटाई की और फिर उपचार के लिए अस्पताल भी लेकर नहीं गया। मारपीट से घायल ग्रमीण की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि 24 अक्टूबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम रेहड़ा में राकेश राम नामक युवक ने अपने पिता की हत्या कर दी है और फरार हो गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने राकेश राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि 22 अक्टूबर को रात 10.30 बजे उसकी अपने पिता पतेश्वर से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान आक्रोशित युवक ने हाथ मुक्का और डंडे से पिता की मारपीट की। इस दौरान बीच बचाव करने आई मां झालो बाई की भी उसने पिटाई की। मारपीट के बाद आरोपी घर से फरार हो गया। इधर मारपीट से घायल पिता घर में ही पड़ा रहा, पकड़े जाने के डर से युवक पिता का उपचार कराने के लिए नहीं लेकर गया। 23 व 24 अक्टूबर की दरमियानी रात घायल ग्रामीण की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी राकेश राम को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## अधिकांश गांवों में नहीं बन सकी पानी टंकी

# आधा दर्जन से अधिक गांवों में जल जीवन मिशन का निर्माण अधूरा


हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

चार साल का लंबा समय गुजरने के बावजूद जल जीवन मिशन के अधूरे निर्माण कार्यो की रफ्तार धीमी पड़ी है। सालों का समय गुजरने के बाद भी विकास खंड के आधा दर्जन गांवों में पानी टंकी का निर्माण अधूरा पड़ा है। कई गांवों में पानी टंकी बन गई लेकिन अभी तक आपूर्ति के लिए पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी है। आधे-अधूरे निर्माण के कारण घर-घर स्वच्छ पानी पहुंचाने का सपना कब तक साकार होगा इसका कोई ठिकाना नहीं है।

**खास बात**

- योजना शुरू होने के बावजूद घर-घर नहीं पहुंच रहा पानी

शासन ने घर-घर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने के उद्देश्य से पिछले चार सालों से जल जीवन मिशन योजना का संचालन कर रही है। योजना के तहत गांव-गांव में पानी टंकी का निर्माण कराने के साथ ही घर-घर पाइप लाइन विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। अधिकारियों के निर्देशन में प्रारंभ में ठेकेदारों ने गांव की गलियों में पाइप लाइन का विस्तार कर जगह-जगह चबूतरों का निर्माण करा दिया। बाद में पानी टंकी का निर्माण प्रारंभ किया गया। आधा दर्जन से अधिक गांवों में पानी टंकी का निर्माण पूरा भी नहीं हो सका कि ठेकेदार बोर खनन कर टंकी भरने के लिए पानी की तलाश करने लगे। तीन साल का समय गुजरने के बाद मालूम हुआ कि अधिकारियों ने ऐसे गांव में भी मिशन के निर्माण कार्यों पर करोड़ों रूपए खर्च कर दी जहां भूगर्भ में पर्याप्त पानी तक उपलब्ध नहीं है। मिशन के निर्माण कार्यों के लिए गांवों का चयन करने के पूर्व सर्वे में की गई लापरवाही के कारण भारी-भरकम राशि खर्च होने के बावजूद आधा दर्जन से अधिक गांवों न तो अब तक निर्माण पूरा हो सका है न ही योजना के पूरा होने का कोई ठिकाना है। हालत यह है कि ग्राम जुना कुदर, डूमरडीह के टेनापारा, रबई, चितरपुर, सपड़ा एवं भेड़िया में पिछले एक साल से पानी टंकी का निर्माण अधूरा पड़ा है। अब निर्माण कार्यों में ठेकेदार रुचि नहीं ले रहे है। बताया जा रहा है कि पानी विहीन गांवों में चल रहे मिशन के निर्माण कार्यों का भुगतान रोक दिया है।





अधूरी पानी टंकी, लाइन विस्तार के लिए रखा पाइप।

**ऐसी है हालत**

ग्राम पंचायत कुदर में जल जीवन मिशन का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है लेकिन भूमि टोगरी पारा को प्रारंभ से ही मिशन का पानी नहीं मिल रहा है। गांव में गिनती के ट्यूबवेल व हैंडपंप है जिनसे पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होता। पूर्व में ग्रामीण एक किमी दूर स्थित एक निजी ट्यूबवेल से पानी भरते थे। अब ग्राम पंचायत द्वारा मिशन के अनुपयोगी बोर में मोटर लगाकर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। डूमरडीह के पहाड़ी कोरवा बस्ती टेनापारा में पानी टंकी निर्माण के लिए 3 साल पूर्व गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। ग्राम रबई, चितरपुर, सपड़ा एवं भेड़िया में लंबे समय से पानी टंकी का निर्माण अधूरा पड़ा है।

**होगा भीषण जल संकट**

विकासखंड लुंड्रा के बड़े इलाके में पानी उपलब्ध नहीं है। इन गांवों में न तो कभी वर्षा जल संग्रहण के लिए बांध बनाने की कोशिश हुई न ही जनप्रतिनिधियों ने किस अन्य वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में ही सोचा। विभाग के अधिकारियों द्वारा ऐसे गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए आसपास के क्षेत्रों में ट्यूबवेल खनन करा पानी पहुंचाने अथवा समूह जल योजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति करने की बात लंबे समय से कही जा रही है लेकिन अभी इसकी पहल प्रारंभ नहीं हुई है। यही हाल रहा तो आगामी गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भविष्य के इस संकट से बेखबर है।

**रोका गया है निर्माण**

शासन के निर्देश पर जल विहीन गांवों में मिशन के निर्माण कार्यो को रोक दिया गया है। ऐसे गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

-मुकेश गुप्ता
सहायक यंत्री पीएचई



### किसानों की खुशहाली के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित : राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज सूरजपुर जिले के ग्राम लांजित, रैसरा और सम्बलपुर सेमरा में आयोजित जलाशय जीर्णोद्धार कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर विकास कार्यों की शुरुआत की।

- लांजित, रैसरा और सम्बलपुर में जलाशय जीर्णोद्धार कार्यों का किया भूमिपूजन

लांजित में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की खुशहाली और सिंचाई संसाधनों के विस्तार के लिए सतत कार्य कर रही है। जलाशयों के जीर्णोद्धार से किसानों को स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे कृषि उत्पादन को नई दिशा और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्प है। किसानों की आय में वृद्धि और सिंचाई सुविधा का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। 1986 में निर्मित लांजित जलाशय लगभग 39 वर्ष पुराना है, जो लंबे समय से क्षेत्र के किसानों को खरीफ फसलों के लिए सिंचाई सुविधा प्रदान करता रहा है। बांध की कुल लंबाई 435 मीटर तथा जल भराव क्षमता 24.95 मिलियन क्यूबिक फीट है। इस जलाशय से दो नहरें निकलती हैं। बाईं नहर 1650 मीटर एवं दाईं नहर 3390 मीटर लंबी है। जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने पर जलाशय अपनी रूपांकित सिंचाई क्षमता 240 हेक्टेयर प्राप्त करेगा, जिससे अधिक किसानों को लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा इस जलाशय के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य हेतु 258.55 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मंत्री ने दो शोकाकुल परिवारों से की मुलाकात

**भैयाथान।** भटगांव विधायक एवं महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शनिवार को भैयाथान प्रवास पर रहीं। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के दो शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। मंत्री राजवाड़े ने ग्राम समौली पहुंचकर भाजपा नेता विराट प्रताप सिंह की दादी स्व. लक्ष्मी सिंह के शोक कार्यक्रम में शामिल होकर



श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम दर्रीपारा निवासी स्व. चंद्रगुप्त देवांगन के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और पांच हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। इस दौरान सुनील साहू, शांतनु गोयल, शिव पांडेय, अमन प्रताप सिंह, संदीप दुबे, अभय गुप्ता, रूपेंद्र कुशवाहा, अखंड प्रताप सिंह, आयुष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शराब पीने बेटे ने पैसा नहीं दिया तो पिता ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** शराब पीने के लिए बेटा द्वारा पैसा नहीं देने से नाराज हुए पिता ने नशे की हालत में कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव सलका निवासी गुलाब आ. कैलाश (55 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 13 अक्टूबर को बेटा गौतम के घर नशे की हालत में गया और शराब पीने के लिए पैसा की मांग करने लगा तो गौतम ने मना कर दिया। पैसा नहीं देने पर गुलाब घर से डगमला पारा चला गया। इसी बीच शराब के नशे में कीटनाशक पीकर पुलिया पर सो रहा था। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे भटगांव अस्पताल से सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### जीवन दीप समिति की बैठक

**भैयाथान।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभा कक्ष में जीवन दीप समिति की बैठक भटगांव विधायक एवं महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। बैठक की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन से की गई। बीएमओ राकेश सिंह ने बैठक में डॉक्टरों की कमी को दूर करने, चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ के लिए आवासीय भवन, जांच की संख्या बढ़ाने सहित कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। बैठक में वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में अस्पताल परिसर में नवीन भवन निर्माण, गार्डन, सफाई कर्मियों की नियुक्ति, लिफ्ट की मरम्मत, तीन बोरवेल, बाउंड्री वॉल, सौंदर्यीकरण, पाँच वाटर कूलर, शव वाहन एवं मर्चरी निर्माण जैसी आवश्यक सुविधाएं बहाल करने हेतु कार्य योजना में शामिल की गईं। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस



अवसर पर ब्लड बैंक भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह, सुलोचनी पैकरा, राजीव प्रताप सिंह, सुनील साहू, शांतनु गोयल, लालचंद शर्मा,राकेश पाठक,अनिमेष दुबे,अमन प्रताप सिंह, संदीप दुबे, अभय गुप्ता, रूपेंद्र कुशवाहा, नितिन कुशवाहा,अखंड सिंह,आयुष अग्रवाल,अभिषेक गुप्ता, डॉ केडी पैकरा, विनय गुप्ता, डॉ राकेश सिंह, अमित ताम्रकार,कंचन जायसवाल, तोपन सिंह दायमा, रामकुमार सिद्दार सहित काफी संख्या में मितानिन व अस्पताल स्टाफ मौजूद रहे।

### लोकार्पण की आस में धूल खा रहा अटल परिसर

**राजपुर।** अटल परिसर का निर्माण कराने के बाद अधिकारी इसका लोकार्पण कराना भूल गए। आलम यह है कि लाखों रुपए की लागत से निर्मित अटल परिसर में पूर्व पीएम अटल विहार वाजपेयी की प्रतिमा धूल खा रही है लेकिन अधिकारियों ने अब तक इसके अनावरण को लेकर रूचि नहीं दिखाई। बता दें कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधोसंरचना मद से प्रदेश भर में अटल परिसरों के निर्माण की योजना बनाई गई थी, जिसके तहत नगर पंचायत राजपुर में भी अटल परिसर निर्माण की स्वीकृति मिली थी।

शासन की मंशा थी कि यह परिसर जनसुविधा और प्रशासनिक गतिविधियों के लिए एक प्रमुख केंद्र बने। राजपुर नगर पंचायत का अटल परिसर अब तक लोकार्पण की आस में धूल फांक रहा है। परिसर में स्थापित अटल जी की प्रतिमा में भी कई विसंगतियां बताई जा रही हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी की मनमानी और परिषद एवं पीआईसी सदस्यों के साथ समन्वय की कमी के कारण न केवल अटल परिसर का कार्य अधूरा है बल्कि कई अन्य विकास कार्यों की गति भी प्रभावित हुई है। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते विभाग और




प्रशासन प्रभावी कदम नहीं उठाते हैं, तो यह महत्वाकांक्षी योजना अपनी उपयोगिता खो सकती है।

**जल्द किया जाएगा लोकार्पण**

विलंब नहीं हुआ है जनप्रतिनिधियों का दौरा कार्यक्रम के चलते उनके पास समय नहीं मिल पा रहा है। अटल परिसर का लोकार्पण जल्द कर लिया जायेगा।

-रविंद्र लाल, सीएमओं नगर पंचायत राजपुर

### लो-प्रेशर के प्रभाव से आसमान पर छाए बादल, बढ़ी उमस

**अम्बिकापुर।** खाड़ी से लगातार नमी पहुंचने के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है। खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर के प्रभाव से आगामी चार दिनों तक मौसम के प्रभावित रहने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मानसून की वापसी के बाद अभी गुलाबी ठंड की शुरूआत ही हुई थी कि बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर में हलचल होने लगी। इसके पूर्व खाड़ी एवं अरब सागर में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पिछले एक सप्ताह से मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। हालांकि इस बदलाव का असर दक्षिण भारत में अधिक था। वर्तमान में खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय है जिसके भविष्य में चक्रवाती तूफान के रूप में सक्रिय होने की संभावना है। लो प्रेशर के प्रभाव से लगातार खाड़ी से नमी पहुंच रही है जिससे आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ गई है। मौसम में आए बदलाव से उमस बढ़ गई है। उमस से राहत के लिए न केवल दिन में बल्कि रात में भी लोगों को पंखा एवं कूलर चलाना पड़ रहा है। मौसम विज्ञानी 29 नवम्बर तक मौसम के प्रतिकूल रहने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर के 25 अक्टूबर को अवदाब में एवं 27 अक्टूबर को चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। चक्रवाती तूफान खाड़ी में दक्षिण-पश्चिम एवं पश्चिम दिशा में अग्रसर होगा जिसके प्रभाव से सरगुजा सहित राज्य के अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 30 अक्टूबर को चक्रवाती तूफान के कमजोर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। इधर अरब सागर में भी एक अवदाब सक्रिय है जिसके उत्तर एवं उत्तर पूर्व की ओर बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। बादलों की आवाजाही बढ़ने से तापमान में भी वृद्धि दर्ज की गई है।

### चोरों ने घर के सामने से पार की स्कूटी

**अम्बिकापुर।** तुर्रापानी निवासी नीतू सिदार पति जितेन्द्र सिदार (26 वर्ष) ने गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 23 अक्टूबर की रात स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईई 7425 को खड़ा कर सो गए। इसी बीच देर रात चोरों ने घर के सामने खड़ी स्कूटी को पार कर दिया। घटना की जानकारी सुबह लगी जब उठे तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन की लेकिन स्कूटी का कहीं पता नहीं चला। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### मधुमक्खियों के हमले से घायल हुए प्राइवेट क्लिनिक संचालक की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम गोविंदपुर- कुमदा कॉलरी में दवा दुकान के साथ प्राइवेट क्लिनिक का संचालन करने वाले भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुशांत विश्वास पिता प्रियनाथ विश्वास 49 वर्ष की शनिवार की दोपहर मधुमक्खियों के अचानक हमले से मौत हो गई है।

- शनिवार को करमपुर गांव के माझापारा बस्ती में एक बीमार ग्रामीण को इंजेक्शन लगाने गये हुए थे

बताया गया कि वे शनिवार को दोपहर में कुमदा कॉलोनी गोविंदपुर से सटे करमपुर गांव के माझापारा बस्ती में मरीज को इंजेक्शन लगाने गए हुए थे,इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उनपर हमला कर दिया,घायल अवस्था में वे किसी



तरह से वहां से भागकर सीधे अपने क्लीनिक पहुंचे और वहां इसकी दवाई खोज रहे थे,दवाई नहीं मिलने के बाद वे किसी परिचित का सहयोग लेकर सीधे बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, यहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया लेकिन उनका पल्स रेट लगातार कम हो जा रहा था जिस कारण चिकित्सकों ने उन्हें अंबिकापुर रेफर कर दिया,अंबिकापुर में लाइफ लाइन अस्पताल में चिकित्सक ने उपचार की प्रक्रिया शुरू की ही थी कि उनकी अचानक उनकी हार्टबिट रुक जाने से मौत हो गई,बताया गया कि मधुमक्खियों ने उनके पेट, सिर सहित मसूड़े में कई जगहों पर काट लिया था,चिकित्सकों के मुताबिक मसूड़े का जहर ब्लड के जरिये तेजी से शरीर के अन्य हिस्सों में फैल गया और दो से ढाई घंटे बाद दोपहर तीन बजे उनकी मौत हो गई,डॉक्टरी पेशे में अनुभव के आधार पर लंबे समय से जुड़े सुशांत विश्वास का ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी पकड़ थी,प्राइवेट प्रैक्टिस के साथ दवा दुकान का भी पिछले 30 वर्षों के अधिक समय से वह संचालन कर रहे थे,उनका एक 20 वर्ष का पुत्र है जो राजस्थान में पढ़ाई कर रहा है पत्नी संपा विश्वास गोविंदपुर पंचायत की उपसरपंच हैं।

सुशांत विश्वास मूलतः पश्चिम बंगाल के कोलकाता के निवासी थे,उनके शव को फिलहाल बिश्रामपुर अस्पताल के मर्चुरी में रखवाया गया है,रविवार को पुत्र के राजस्थान से लौटने के बाद उनका स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा,घटना से गोविंदपुर कुमदा बस्ती में शोक का माहौल निर्मित हो गया है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित इलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411